कार्यालयः— जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई।

पत्रांकः— 79 /प्रथम /उरई/ दिनांकः मार्च 11 , 2019.

विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई में, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या 2608/2019/एडमिन 'जी–1' दिनांकित 27.02.2019 के अनुसार विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के एक पद पर नियुक्ति हेतु "ऐसे सुयोग्य व्यक्तियों से जो धारा–13 द0प्र0सं0 1973 में परिभाषित व वर्णित योग्यता रखते हो एवं विधि स्नातक हो अथवा विधिक कार्य में अनुभव रखते हों, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायाधीश जालौन स्थान उरई के प्रशासनिक कार्यालय में दिनांक 08.04.2019 सायं 04.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। इसके उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा।

विस्तृत वितरण माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in में देखा जा सकता है। यह सूचना माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in व जिला न्यायालय की वेबसाईट districts,ecourts.gov.in/jalaun पर भी देखी जा सकती है।

11/3/2019

(अनिल कुमार गुप्ता)
जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई।
District Judge
Jalaun at Orai

प्रतिलिपिः— 1. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय के समाचार पत्रों में "न्यूज आईटम" के रूप में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये। प्रकाशन के उपरान्त एक–एक प्रति अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित किया जाये।

80/I/11.03.19

2. जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई एवं जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु क्रमशः केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय, उरई एवं सदर नाजिर कलेक्ट्रेट, उरई को अनुपालन हेतु प्रेषित की जावे।

81/I/11.03.19

3. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in व जिला न्यायालय की वेबसाईट districts,ecourts.gov.in/jalaun पर अपलोड करायें।

82/I/11.03.19

11/3/2019

(अनिल कुमार गुप्ता)
जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई।
District Judge
Jalaun at Orai

Seen
13/3/19